उज्जैन
सोमवार
10
अगस्त, 2026
वर्ष-12
अंक-278
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 विश्व आदिवासी दिवस...:इंदौर में आदिवासी समाज ने दिखाई एकजुटता
7 सरफराज खान 2 साल बाद भारतीय टीम में शामिल

## बंगाल के जलपाईगुड़ी में किसान का अपहरण

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में 35 साल के चाय किसान दीपांकर गोप के अपहरण का मामला सामने आया है। घटना शनिवार को भारत-बांग्लादेश सीमा के पास राजगंज ब्लॉक के कुकुरजान इलाके के एक चाय बागान में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, परिवार का आरोप है कि करीब 20 बांग्लादेशी बदमाश अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर चाय बागान में पहुंचे और दीपांकर को जबरन अपने साथ बांग्लादेश के पंचगढ़ जिले में ले गए। परिवार का दावा है कि इसी हफ्ते सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश नाकाम हुई थी। इसके बाद बदला लेने के लिए दीपांकर का अपहरण किया गया। अपहरण के बाद इस्त्रके जवान मौके पर पहुंचे और दीपांकर की रिहाई की कोशिश शुरू की। अधिकारियों ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश यानी बीजीबी के साथ फ्लैग मीटिंग भी की। हालांकि, शनिवार रात तक दीपांकर को रिहा नहीं किया गया था। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वह बीजीबी की हिरासत में हैं।

## फुकेट-दिल्ली फ्लाइट पायलट का डोप टेस्ट पॉजिटिव होने की खबर

**नई दिल्ली।** थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट के दो पायलटों में से एक का डोप टेस्ट फेल होने का दावा किया जा रहा है। यह फ्लाइट 4 अगस्त को तेज टबुर्लेंस में फंस गई थी और अचानक करीब 300 फीट नीचे आ गई थी। इंडिया टुडे ने सूत्रों के हवाले से बताया कि घटना के बाद दोनों पायलटों का पोस्ट-फ्लाइट ड्रग स्क्रीनिंग टेस्ट कराया गया था। इनमें से एक पायलट की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सूत्रों के मुताबिक, जांच पूरी होने तक दोनों पायलटों को ड्यूटी से हटा दिया गया है। फ्लाइट में 137 यात्री और 8 क्रू मेंबर सवार थे। हवा में टबुर्लेंस के दौरान विमान अचानक करीब 300 फीट नीचे आ गया था, जिससे 17 लोग घायल हुए थे।

## हेडमास्टर की हत्या, कार में आए हमलावरों ने कुल्हाड़ी से काटा

**मोहाली।** मोहाली में सरकारी स्कूल के हेडमास्टर की हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उनस पर कुल्हाड़ी और किरच से हमला किया था। हमले के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तीन दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद रविवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। हमलावर सफेद रंग की कार में आए थे और वारदात के बाद उसी कार से फरार हो गए। 48 वर्षीय गुरसेवक सिंह सरकारी स्कूल में हेडमास्टर होने के साथ स्मार्ट स्कूलों के इंचार्ज भी थे। डेढ़ महीने पहले भी उन पर हमला हुआ था, लेकिन उस मामले में भी आरोपियों का सुराग नहीं मिला था। अब दूसरे हमले में उनकी मौत के बाद पुलिस दोनों घटनाओं के बीच कनेक्शन तलाश रही है। रविवार को गुरसेवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## अहमदाबाद में पीजी हॉस्टल की छत पर गार्ड ने किया स्टूडेंट से रेप

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के आनंदनगर में एक पीजी हॉस्टल की छत पर स्टूडेंट से रेप किया गया। घटना शनिवार रात की है, जब युवती रात 10 बजे छत पर टहल रही थी। तभी आरोपी गार्ड भी छत पर पहुंचा उसने युवती का पहले गला दबाया फिर रेप किया। पीड़ित इंटीरियर डिजाइनिंग की पढ़ाई कर रही है और एक साल से इसी सोसायटी के पीजी हॉस्टल में रह रही थी। वहीं, आरोपी को सोसाइटी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी शुरू किए सिर्फ चार दिन ही हुए थे। पुलिस ने सीसीटीवी से पहचान कर आरोपी को रविवार सुबह अरेस्ट कर लिया।पुलिस के मुताबिक, वारदात शनिवार रात करीब 8 बजे हुई। छात्रा सोसायटी की छत पर टहलने गई थी। तभी धर्मसिंह छत पर पहुंचा और सीढ़ियों का गेट बंद कर लिया।

## गर्लफ्रेंड की हत्या का आरोपी भारतीय छात्र जर्मनी में पकड़ा

**जर्मनी।** 20 साल के भारतीय नागरिक वरुण बटचिगरी को जर्मनी में गिरफ्तार किया गया है। उन पर अमेरिका के एरिजोना में अपनी 19 साल की गर्लफ्रेंड जुलिसा रूबी सलाजार की गला दबाकर हत्या करने का आरोप है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, वरुण पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर का शक है। जुलिसा का शव गुरुवार को एरिजोना यूनिवर्सिटी के पास टक्सन स्थित उसके अपार्टमेंट में मिला था। जुलिसा के परिवार ने उसकी चिंता होने पर पुलिस से वेलफेयर चेक कराने को कहा था। टक्सन पुलिस विभाग के मुताबिक, वे गुरुवार शाम करीब 4 बजे अपार्टमेंट पहुंचे, जहां जुलिसा बेहोश मिली।

## अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में ट्रम्प की हार के 65% चांस

**वाशिगंटन।** अमेरिका में मिडटर्म चुनाव से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। इप्सॉस-एएपीआई सर्वे के मुताबिक, चुनाव में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के हारने की आशंका 65 प्रतिशत तक है। नवंबर में मिडटर्म के लिए वोटिंग होनी है। मिडटर्म चुनाव ट्रम्प के चार साल के कार्यकाल के बीच होने वाला बड़ा राजनीतिक इम्तिहान है। इसमें अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के साथ राज्यों और स्थानीय सरकारों के कई अहम पदों के लिए वोटिंग होगी। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के करीब 80 प्रतिशत उम्मीदवार पहले ही तय हो चुके हैं।

### श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन द्वारा दर्शन व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध

# सावन सोमवार पर महाकाल मंदिर में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सावन के पवित्र सोमवार पर विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही मंदिर परिसर और दर्शन मार्ग पर भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। देशभर से आए श्रद्धालु जय श्री महाकाल और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ बाबा के दर्शन के लिए आगे बढ़ते नजर आए। सावन सोमवार के चलते मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन और पूजन-अर्चन का दौर चला। भस्म आरती के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। मंदिर परिसर में लगातार हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन द्वारा दर्शन व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए।

महाकाल मंदिर के आसपास भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। दर्शन के बाद भक्तों ने मंदिर परिसर के आसपास स्थित धार्मिक स्थलों पर भी पहुंचकर पूजा-अर्चना की। सावन सोमवार के अवसर पर उज्जैन में धार्मिक माहौल बना रहा और शहर के प्रमुख मार्गों पर भी श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ी रही।

### बाबा महाकाल का पंचामृत अभिषेक पूजन

श्रावण माह के दूसरे सोमवार पर मंदिर के पट खुलने के बाद सभा मंडप में वीरभद्र जी के कान में स्वस्ति वाचन कर भगवान से आज्ञा लेकर चांदी का पट खोलकर कर्पूर आरती की। नंदी हॉल में नंदी जी का स्नान, ध्यान और पूजन किया गया। जल से भगवान महाकाल का अभिषेक करने के पश्चात दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। भगवान महाकाल का रजत चंद्र, त्रिशूल, मुकुट और आभूषणों के साथ भांग, चंदन और ड्रायफ्रूट का श्रृंगार कर भस्म चढ़ाई गई। शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ-साथ सुगंधित पुष्पों से बनी फूलों की माला धारण की। भगवान को फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया।

### महाकाल की कृपा से वह पहली बार उज्जैन में परफॉर्मेंस देने पहुंचे- बी. प्राक

## शिवतत्व श्रावण कला उत्सव का आयोजन संपन्न

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन एवं संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन के समन्वय से शिवतत्व श्रावण कला उत्सव का आयोजन रविवार को किया गया। श्रावण मास की पावन बेला में आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में कला एवं संगीत की विविध प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी ,भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उप प्रशासक पवन बारिया, सत्यनारायण सोनी, सिम्मी यादव एवं सहायक प्रशासक मुलचंद जोनवाल उपस्थित रहे। आयोजन के अंतर्गत प्रसिद्ध गायक बी. प्राक एवं साथी, मुंबई तथा पवन तिवारी एवं साथी, निवाड़ी द्वारा सांस्कृतिक एवं संगीत प्रस्तुतियां दी गईं।

## आज अमित शाह केरल का नाम बदलने वाला बिल पेश करेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र में सोमवार को लोकसभा में 4 बिल पेश किए जाएंगे। गृह मंत्री अमित शाह दो बिल पेश करेंगे। जिसमें एक केरल (अल्टरेशन ऑफ नेम) बिल, 2026 है। वहीं दूसरा नेशनल को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन एक्ट, 1962 संशोधन बिल है।कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ट्रिब्यूनल्स रिफॉर्म्स बिल, 2026 पेश करेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) एक्ट, 1957 में संशोधन के लिए बिल सदन में रखेंगे। वहीं, राज्यसभा में बैंकर्स बुक्स एविडेंस बिल, 2026 पर चर्चा की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बिल को सदन में पेश करेंगी।

> राज्यसभा में बैंकर्स बुक्स बिल पर चर्चा होगी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस एफसीआरए संशोधन बिल का विरोध करेगी। सोमवार को विपक्षी दलों के फ्लोर लीडर्स की बैठक में भी इस पर चर्चा होगी।

एफसीआरए संशोधन बिल मानसून सत्र के आखिरी सप्ताह में लोकसभा में पेश हो सकता है। सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य विदेशी चंदे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। कई विपक्षी दल बिल का विरोध कर चुके हैं।

## ममता बोलीं- मेरी गाड़ी पर बड़े-बड़े पत्थर फेंके

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि उनकी गाड़ी पर पत्थरों से हमला किया गया। पुलिस के सामने भीड़ ने गाड़ी रोक ली। कार पर मिट्टी और कीचड़ लगा दिया। कुछ लोगों ने जूते-पत्थर भी फेंके। अगर खिड़की खुली होती तो सिर चकनाचूर हो जाता, मौत भी हो सकती थी।

दरअसल ममता उत्तर 24 परगना जिले में एक टीएमसी कार्यकर्ता की मौत के बाद उसके परिवार से मिलने जा रहीं थीं। रास्ते में बिजपुर के पास स्थानीय भीड़ ने उनका काफिला रोक लिया। प्रदर्शनकारियों ने ह्यचोर-चोर' के नारे लगाए। ममता बनर्जी ने कहा, मेरी कार पर हमला एक साजिश के अलावा कुछ नहीं है। मैंने पुलिस को बताया था कि मैं यहां आऊंगी, इसके बावजूद पुलिस ने कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं किए। पूरे पश्चिम बंगाल को गुंडे नियंत्रित कर रहे हैं। दरअसल ममता तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता बिरजू केओट की मौत के बाद उनके परिवार से मिलने आईं थीं। बिरजू की मौत हालीशहर पुलिस की हिरासत में तबीयत बिगड़ने के बाद हुई थी। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने ने कहा कि आपने (टीएमसी) इतनी चोरी की है, आपको लोगों से चोर कहलाना ही पड़ेगा। सुवेंदु ने सवाल किया कि ममता आरजी कर मेडिकल कॉलेज की पीड़ित के निधन की दूसरी बरसी पर उसके परिवार से मिलने क्यों नहीं गईं। अधिकारी ने कहा, आप आज पीड़ित के घर जा सकती थीं। आप रत्ना देबनाथ के पास तौलिया गले में डालकर जा सकती थीं और माफी मांग सकती थीं कि आपसे गलती हुई और आप माफी चाहती हैं।

## भोपाल में तेज बारिश, स्कूलों में छुट्टी की गई

### पेड़ गिरने से वीआईपी रोड पर जाम, शाजापुर में 6 घंटे में करीब 4 इंच पानी गिरा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

सूखे जैसे हालात से जूझ रहे मध्य प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हुआ है। मानसून ट्रफ और लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) की वजह से रविवार को प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। सोमवार को भी 21 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

भोपाल समेत कई जिलों में रविवार रात से तेज बारिश हो रही है। भोपाल के कई इलाकों में जलभराव हो गया। सुबह बीच सड़क पर पेड़ गिरने से श्क्ध रोड पर जाम लग गया। बारिश को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने भोपाल में स्कूलों की छुट्टी का आदेश जारी कर दिया। हालांकि, आदेश जारी होने से पहले कई बच्चे स्कूल पहुंच चुके थे, जिन्हें वापस लौटना पड़ा। रायसेन, सीहोर, विदिशा, शाजापुर, शिवपुरी, हरदा और शुजालपुर में भी बारिश का असर दिखा।

### किसानों और व्यापारियों ने राहत की सांस ली

रायसेन का रामलीला मैदान जलमग्न हो गया, जबकि सीहोर और श्यामपुर में नदी-नाले उफान पर हैं। शाजापुर में 6 घंटे में करीब 4 इंच बारिश दर्ज हुई। शुजालपुर में सुबह 3 बजे से तेज बारिश के बाद किसानों और व्यापारियों ने राहत की सांस ली। मौसम केंद्र के मुताबिक, सोमवार को राजगढ़, विदिशा, सीहोर, हरदा और देवास में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। अगले 24 घंटे में यहां 8 इंच तक पानी गिर सकता है। वहीं, उज्जैन, आगर-मालवा, शाजापुर, खंडवा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, दमोह, जबलपुर, गुना, शिवपुरी और श्योपुर में भारी बारिश का अलर्ट है।

### इंदौर ने फिर रचा इतिहास ...एक स्थान पर लाखों पौधे लगा कर 2 साल में उन्हें पेड़ बनाने का बनाया विश्व कीर्तिमान

## रेवती रेंज पर 13,10,012 पेड़ो की गिनती कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

### वृक्ष लगाकर इंदौर में एक क्राांति पैदा करेंगे और देशभर में हरित क्राति का संदेश देंगे - मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

रविवार 9 अगस्त को इंदौर के नाम एक ओर उपलब्धि दर्ज हो गई। एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने रेवती रेंज पर पेड़ों की गिनती कर घोषणा की कि रेवती रेंज पर वर्तमान में 13 लाख 10 हजार 12 वृक्ष हैं। किसी एक स्थान पर लाखों पौधे लगाकर उनको वृक्ष बनाने का यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

साल 2024 में रेवती रेंज पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ इंदौर के लोगो ने 1241000 से अधिक पौधे लगा कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था बाद में वहां एक नर्सरी भी बनाई गई ताकि जो पौधे मर जाए उनके स्थान पर तुरंत दूसरे पौधे लगा दिए जाए, साल 2025 भी 1 लाख पौधारोपण लोगों द्वारा रेवती रेंज पर किया गया था।

इस अवसर पर बोलते हुए संस्था के अध्यक्ष अंतिम जैन ने कहा कि एक ही जगह पर एक साथ लाखों पौधे लगाना और दो साल तक उनका संरक्षण कर वृक्ष लगाने का काम मुख्यमंत्री मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगर निगम और इंदौरवासियों ने किया है। विश्व कीर्तिमान में इस बात की सूक्ष्मता से जांच की गई कि साल 2024 में रोपे गए पौधों में से कितने पौधे सुरक्षित और जीवित हैं।





### इंदौर ने सिविक सेंस की मिसाल कायम की है

इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री बी.एल.संतोष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के 'एक पेड़ माँ के नाम' के संकल्प को इंदौर में कैलाश विजयवर्गीय जी ने सिद्धी तक पहुंचाया है। आज से दो साल पहले हमने केवल विश्व कीर्तिमान नहीं बनाया था बल्कि धरती की सेहत को सुधारने और आने वाले भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए यहां पौधारोपण किया था। सिर्फ पौधे लगाए नहीं उनका पालन-पोषण और संरक्षण किया, जिससे आज रेवती रेंज की पथरीली जमीन हरियाली से लहलहा रही है। हमारे यहां सिविक सेंस की हालत आप सभी को पता है। कहीं भी कचरा फेंक देते हैं लाइट चालू छोड़ देते हैं, लेकिन इंदौर ने सालों पहले इसमें भी मिसाल कायम की और पिछले 10 सालों से इंदौर स्वच्छता में देश में नंबर वन बना हुआ है।

### इंदौर देश को हरित क्रांति का संदेश देगा

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आज के दिन 9 अगस्त को भारत छोड़ों आंदोलन का आगाज हुआ था। इसलिए आज हम सभी क्रांतिकारियों को नमन करते हैं। पेड़ साक्षात शिव के समान होते हैं। जहर रूपी कार्बन डाई ऑक्साईड को ग्रहण करते हैं और ऑक्सीजन रूपी अमृत को देते हैं।



## खबर एक नजर...

### बस्ती के बच्चों के बीच मनाया युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस, बांटी कॉपी-पेन

**उज्जैन।** युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर पदाधिकारियों ने बस्ती के बच्चों के बीच पहुंचकर खुशियां साझा कीं। इस मौके पर दक्षिण विधानसभा उपाध्यक्ष राहुल अखंड के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बस्ती में जाकर बच्चों को पठन सामग्री के रूप में कॉपी-पेन वितरित किए। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद पटेल, पूर्व सचिव नरेंद्र मालवीय, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अंकित यादव (विशु), जिला सचिव रवि यादव, प्रदेश सचिव अर्जुन नरवले, प्रदेश एनएसयूआई महासचिव यशवंत चौहान, शहर सचिव राज उदयवाल, निलेश मेहरा, घट्टिया विधानसभा अध्यक्ष शेर सिंह चौहान, विधानसभा उपाध्यक्ष मुकुल घुरेया, जिला महासचिव दिनेश सूर्यवंशी, जिला सचिव महेंद्र चौधरी, मनीष जटवा, विधानसभा महासचिव आदित्य ठाकुर और अभिषेक भारद्वाज सहित युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित रहे।

### देशभर से आए व्यापारियों ने लगाए 35 स्टॉल, मारवाड़ी समाज अवंती पार्श्वनाथ महिला मंडल की शानदार पहल

**उज्जैन।** मारवाड़ी समाज अवंती पार्श्वनाथ की महिलाओं और बच्चों द्वारा शांतिनाथ धर्मशाला में एक दिवसीय 'अवंती कार्निवल' का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में शहर की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला और करीब तीन हजार लोगों ने कार्निवल का आनंद लिया। आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट मंडल और पुरुष सदस्यों का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शानदार सफलता का श्रेय अवंती ट्रस्ट ने उज्जैन शहर की जनता को दिया है। कार्निवल में कुल 35 स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें उज्जैन के साथ ही जयपुर, इंदौर, बीकानेर और मुंबई के लोगों ने भी अपने स्टॉल लगाए। मेले में खानपान के शौकीनों के लिए जैन भेलपुरी, पानी पताशी, खमण ढोकला, दही भल्ला, पेस्ट्री, केक, चॉकलेट और बीकानेरी कचौरी के स्टॉल रहे। वहीं, महिलाओं के लिए लग्जरी साड़ियां, सूट, लहंगे, बाटिक प्रिंट, ज्वेलरी, जनरल आइटम, राखियां और बच्चों के लिए खिलौने व गेम्स जोन भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अध्यक्ष भारती चोपड़ा ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक कोठारी, भेरूलाल सुवासरा वाले, पार्षद रजत मेहता, वरिष्ठ सुशीला देवी कोठारी, अभय छाजेड़, दिलीप चोपड़ा, रमेश बाठिया, अभय धारीवाल, ललित बाफना, चंद्रप्रकाश सकलेचा, मनोज सुराणा, संजय चोपड़ा, हर्ष चोपड़ा, अविनाश सुराणा, सुमित बोथरा, आशीष सुराणा, चंद्रप्रकाश चोपड़ा, वरिष्ठ समाजजन प्रदीप गादिया और विक्रांत जैन सहित समाज के कई वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस के 66वें स्थापना दिवस पर पशुपतिनाथ मंदिर में हुआ पौधारोपण

**उज्जैन।** भारतीय युवा कांग्रेस के 66वें स्थापना दिवस के अवसर पर उज्जैन उत्तर विधानसभा युवा कांग्रेस द्वारा चामुंडा माता चौराहा स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में पौधारोपण किया गया। यह आयोजन उज्जैन उत्तर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश जैन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चिराग उपाध्याय ने बताया कि शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के कारण बड़ी संख्या में पुराने पेड़ों को काटा जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए और उजड़े हुए वृक्षों की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से सावन माह में यह पौधारोपण किया गया। युवाओं को जोड़ने और सामाजिक कार्यों के उद्देश्य से 1970 के दशक में युवा कांग्रेस का गठन किया गया था, इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए कार्यकताओं ने नए पौधे रोपे।

इस अवसर पर वरुण शर्मा, दीपेश जैन, अभिषेक सोलंकी, सोनू परमार, जयदीप बागोरिया, आदित्य गेहलोत, आयुष हरोड़, आनंद चंदेरीवाल, अक्षय चौधरी और सन्नी चौहान सहित कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शहीद पार्क में गूंजा वतन पर जो फिदा होगा अमर वो नौजवां होगा

**उज्जैन।** 84वें क्रांति दिवस और भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ के अवसर पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शहीद पार्क में महान क्रांतिकारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में क्रांतिकारियों के चित्रों और शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर देश के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी महान क्रांतिकारियों का स्मरण किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध गायक रफीक खान ने 'वतन पर जो फिदा होगा अमर वह नौजवां होगा' गीत प्रस्तुत कर शहीदों और क्रांतिकारियों को अपनी स्वरांजलि अर्पित की। संयुक्त सचिव अनुदीप गंगवार और उपाध्यक्ष उस्मान हसन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षाविद अर्चना दीदी, गौरी सिंह, कमर अली, सादिक मंसूरी, आजम खान, खेल प्रशिक्षक शकैब कुरैशी, अधिवक्ता आजम बेग, डॉ. तेज कुमार मालवीय, इरफान राइन, शाकिर शेख, मंगेश वर्मा, हाजी इकबाल हुसैन, चेतन ठक्कर, नाफिर मंसूरी और इकबाल उस्मानी ने उपस्थित रहकर क्रांतिकारियों का स्मरण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जल जंगल और जमीन की रक्षा के संकल्प के साथ मनाया विश्व आदिवासी दिवस

### पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप व लोकनृत्य के साथ शहर में निकली भव्य रैली, 58 अधिकारी-कर्मचारियों व 19 प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को महाकाल आदिवासी लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में शहर में भव्य व पारंपरिक रैली निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाजजनों ने मांदल और तासे की थाप पर लोकनृत्य प्रस्तुत कर आदिवासी संस्कृति की छटा बिखेरी। महाकाल वाणिज्य कॉलोनी स्थित शुभम मांगलिक भवन में आयोजित मुख्य समारोह में समाज के 58 अधिकारी-कर्मचारियों और 19 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समिति अध्यक्ष एवं आयोजक डॉ. कनिया मेड़ा ने बताया कि सुबह समाजजन दशहरा मैदान पर एकत्रित हुए। यहां से शांतिपूर्ण पारंपरिक रैली प्रारंभ हुई, जिसमें दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ युवा, महिलाएं व बच्चे शामिल हुए। रैली में समाजजन गोफन और तीर-कमान लिए हुए थे। रैली पुलिस कंट्रोल रूम, घास मंडी चौराहा, शहीद पार्क, टॉवर चौक, तीन बत्ती चौराहा, सिंधी कॉलोनी चौराहा, मुनिनगर दो तालाब, भारत पेट्रोल पंप, नानाखेड़ा चौराहा होते हुए शुभम मांगलिक भवन पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। समारोह की शुरूआत क्रांतिकारी टंट्या भील, बिरसा मुंडा, राणा पुंजा भील और बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. कनिया मेड़ा ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, जल-जंगल-जमीन और प्रकृति के प्रति आस्था को प्रदर्शित करना है। उन्होंने समाज से शिक्षा, स्वास्थ्य, वैधानिक मुद्दों और मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक होने तथा आदिवासी ज्ञान परंपराओं को संरक्षित करने का आह्वान किया।

राजपूत समाज ने मंदिर परिसर में रोपे विभिन्न प्रजातियों के 101 पौधे

## अ.भा.क्षत्रिय महासभा का अभियान, सुरक्षित स्थानों पर पौधरोपण कर दिया 'एक पेड़ एक जिंदगी' का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में राजपूत समाजजनों ने कोठी रोड स्थित मयूर गार्डन के पीछे हनुमान शिव मंदिर परिसर में 101 पौधों का रोपण किया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और दैनिक भास्कर के 'एक पेड़ एक जिंदगी' अभियान के तहत पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए समाज ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। पौधरोपण के साथ ही समाजजनों ने मिलकर मंदिर परिसर में साफ-सफाई का कार्य भी किया।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष किशोर सिंह भदौरिया और प्रदेश महामंत्री नरेश सिंह भदौरिया ने बताया कि महासभा पिछले 12 वर्षों से विभिन्न स्थानों पर निरंतर पौधरोपण कर रही है। पौधे जीवित रहें और विशाल वृक्ष का रूप ले सकें, इसके लिए हमेशा ऐसे सुरक्षित स्थानों का चयन किया जाता है जहां जानवरों से नुकसान न हो और पानी की पर्याप्त उपलब्धता हो।

इस अवसर पर कृषि विभाग में पदोन्नति होने पर उम्मेद सिंह तोमर और ओमवीर सिंह भदौरिया का समाजजनों द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

पौधरोपण कार्यक्रम में जगदीश सिंह तोमर, सुरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा नेता प्रदीप पांडे, राजेंद्र सिंह भदौरिया, पदम सिंह तोमर, शिवेंद्र सिंह भदौरिया, रविंद्र सिंह भदौरिया, विजेंद्र सिंह कुशवाहा, रतन सिंह भदौरिया, रघुवीर सिंह बैस, जय हिन्द सिंह भदौरिया, आर.एस. राठौर, महेंद्र सिंह भदौरिया, संजीव सिंह, रामकिशन सिंह भदौरिया, एडवोकेट अशोक सिंह परिहार, एडवोकेट मनोज सिंह भदौरिया, श्रीकृष्ण सिंह सिकरवार, सुंदर सिंह भदौरिया, अतेन्द्र सिंह तोमर, छवि नंदन सिंह चौहान, सूर्यपाल सिंह कुशवाह, विनय सिंह भदौरिया, नरेंद्र सिंह पंवार, तेज सिंह, अशोक सिंह जादौन और रुपेश सिंह भदौरिया ने पौधे रोपे।

### एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वाल्मीकि समाज ने किया पौधरोपण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ संपूर्ण भारत की उज्जैन इकाई द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर स्थित 16 क्वार्टर में पौधरोपण किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए भोलेनाथ शीतला माता मंदिर के सामने बादाम का पौधा रोपा।

यह आयोजन संभाग अध्यक्ष हेमराज घावरी, कोर कमेटी अध्यक्ष जीतेन्द्र भाटी और जिला अध्यक्ष रवि सीहोते के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आउटसोर्स कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री गुलशन मंसूरी, तहसील अध्यक्ष घनश्याम छपरी, संभाग महामंत्री दिनेश लावरे, जिला सचिव कमल फातरोड़, तहसील वरिष्ठ सलाहकार कमल गोयल और सोनु मीणा उपस्थित थे।

मॉर्निंग वॉक के सदस्यों ने चलाया स्वच्छता अभियान

### मंगलनाथ पुल की रेलिंग से निकाली 15 किलो पॉलीथिन व थैलियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंगलनाथ अंकपात मार्ग के प्रातःकालीन भ्रमण मंडल (मॉर्निंग वॉक) के सदस्यों ने मंगलनाथ पुल की रेलिंग से करीब 15 किलो प्लास्टिक, कपड़े और सीमेंट की थैलियां निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके साथ ही सदस्यों ने शहरवासियों से मोक्षदायिनी क्षिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त रखने की अपील की है।

मंडल के संयोजक गिरीश आर्य ने बताया कि श्रद्धालु धार्मिक आस्था के चलते फूल-प्रसाद और अन्य पूजन सामग्री विसर्जित करने के बाद खाली थैलियां पुल की लोहे की रेलिंग पर टांग देते हैं। इससे रेलिंग काफी गंदी नजर आती है और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के सामने उज्जैन शहर की छवि धूमिल होती है। इसी समस्या को देखते हुए मॉर्निंग वॉक के सदस्यों ने सफाई का बीड़ा उठाया।

भाजपा के पूर्व संभागीय मीडिया प्रमुख डॉ. घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में सात सदस्यों के दल ने महज एक घंटे में पुल के दोनों ओर की रेलिंग की सफाई कर स्वच्छता सेवा अभियान चलाया। इस दौरान महेंद्र जैन, हीरालाल सोलंकी, बसंत नीमा, महेश चौहान, एस.के. जैन (काला), प्रदीप वैष्णव और राजेश ने संयुक्त रूप से श्रमदान कर रेलिंग को साफ किया।

मंडल के सदस्यों ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि मोक्षदायिनी क्षिप्रा नदी को स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है। धार्मिकता की आड़ में पूजन सामग्री नदी में डालकर उसे दूषित न करें। विसर्जन योग्य सामग्री को हीरा मिल के कुएं या अन्य निर्धारित स्थलों पर ही डालें, ताकि क्षिप्रा नदी को दूषित होने से बचाया जा सके।

## 'ओम नमः शिवाय' महामंत्र सनातन धर्म में एटम बम के समान

### महामंडलेश्वर भागवतानंद ने बताया पंचाक्षर मंत्र का महत्व, सुदामा नगर में अच्छी वर्षा व विश्व कल्याण के लिए हुए 5.51 लाख जाप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रावण मास के पवित्र अवसर पर श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था द्वारा शहर में 'ओम नमः शिवाय' जाप की श्रृंखला उत्साहपूर्वक जारी है। इसी कड़ी में सुदामा नगर में आयोजित नाम जाप कार्यक्रम में रहवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अच्छी वर्षा व विश्व कल्याण की कामना के साथ 5 लाख 51 हजार जाप किए गए।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर भागवतानंद जी भगवान बापू ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पंचाक्षर मंत्र (ओम नमः शिवाय) का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के सभी मंत्रों में 'ओम नमः शिवाय' एक एटम बम की तरह अत्यंत प्रभावशाली रूप से काम करता है। भगवान शिव ने स्वयं यह महामंत्र भगवान ब्रह्मा और भगवान विष्णु को गुरु दीक्षा के रूप में प्रदान किया था। जिस प्रथम मंत्र का जाप स्वयं ब्रह्मा जी और विष्णु जी करते हैं, उस महामंत्र को जपने का सौभाग्य आम जनमानस को मिल रहा है, इसका प्रतिफल श्रावण मास में अनंत गुना हो जाता है।

संस्था के हरि सिंह यादव और रवि राय ने बताया कि विगत कई वर्षों से जारी यह नाम जाप श्रृंखला पूरे श्रावण मास निरंतर चलेगी। 30 जुलाई से शुरू किए गए इस अभियान के तहत शहर के अलग-अलग स्थानों पर आयोजन किए जा रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे हैं।

कार्यक्रम में इनकी रही विशेष उपस्थिति

कार्यक्रम में महामंडलेश्वर भागवतानंद जी भगवान बापू के साथ मानव सेवा संस्थान की साध्वी प्रभावती बाई जी और महात्मा शारदा बाई जी का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर वरिष्ठ जन अनूप सिंह राणा, सत्यनारायण गौतम, चंदू पहलवान, मुरारी शर्मा, पूर्व पार्षद हुकुमचंद राय, हरि सिंह यादव, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र सिंह अकेला, जगदीश राय, अशोक निगम, चंद्रशेखर जायसवाल, मनीष शर्मा, बक्की भैया, रामनारायण चौबे, महेश कौशिक, ज्ञान सिंह बघेल, उमेश शर्मा, प्रेम सूर्यवंशी, एडवोकेट करण सिंह चौहान, डॉ. मनोज अग्रवाल, हिम्मत चौहान, टिंकू धारीवाल, श्रीनाथ चौधरी, राजेश चौहान, योगेंद्र गौतम, मुकेश मानवत, राधाकिशन कारवाल और धन सिंह चौहान उपस्थित थे। साथ ही भाजपा नेता राकेश यादव, गीता बघेल, सरोज माहेश्वरी, रेखा राय, सुनीता यादव, मनीता यादव, श्रीमती निगम, श्रीमती पाठक, श्रीमती बेस, विनय चौबे, नितिन चौहान, ललित चौबे, पवन सैनी, संजय चौहान और अरविन्द पाठक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह इस बार भव्य और दिव्य स्वरूप में निकलेगा

## यादव अहीर महासभा की बैठक में बनी रूपरेखा, पालकी में निकलेगें गोपाल जी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर्व जन्माष्टमी को इस वर्ष उज्जैन में भव्य और दिव्य स्वरूप में मनाने की तैयारियां शुरू हो गई है। इसी क्रम में यादव अहीर महासभा की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को देवास रोड़ हामू खेड़ी स्थित श्री बिजासन माता मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में सभी समाजजनों द्वारा भगवान श्री कृष्ण का पूजन कर आरती की गई। भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर निकलने वाले चल समारोह एवं श्री नंद उत्सव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए समाजजनों से सुझाव भी लिए गए।

बैठक की अध्यक्षता यादव अहीर महासभा के नगर अध्यक्ष श्री नारायण यादव (दादा) ने की। बैठक में चल समारोह की रूपरेखा की जानकारी श्री आरआर यादव ने दी। भगवान श्री कृष्ण की पालकी के साथ निकलने वाले चल समारोह को इस बार अधिक व्यापक और आकर्षक स्वरूप देने के लिए भगवान श्री कृष्ण और बाबा महाकाल पर आधारित झांकियां शामिल करने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि चल समारोह को केवल यादव समाज तक सीमित न रखते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि भगवान श्री कृष्ण सभी के आराध्य है। इसलिए जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित होने वाले चल समारोह में समाज के साथ-साथ अन्य समाजों के इष्ट-मित्रों, श्रद्धालुओं और सनातनी धर्मावलंबियों को भी सहभागी बनाया जाए। इसके माध्यम से सामाजिक एकता, समरसता और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था का संदेश दिया जाएगा।

बैठक में विजय यादव (बडगर), प्रेम सिंह यादव, सुरेंद्र यादव, शोभा यादव, गीता यादव, प्रमिला यादव, प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश यादव, महेंद्र यादव, देवव्रत यादव, प्रकाश यादव (हामूखेड़ी), रोशन यादव, महेश यादव, संजय यादव, काशीप्रसाद यादव, पुष्कर यादव, कृष्ण यादव (बडगर), गोकुल यादव, श्री राजकुमार यादव, यादव युवा संगठन के नगर अध्यक्ष पवन यादव, सुश्री दीपाली यादव, श्री चंद्रशेखर यादव ने चल समारोह को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

देवास रोड स्थित शर्मा परिसर में हुआ भव्य समारोह, सांसद सहित कई जनप्रतिनिधियों ने लिया मुनि श्री का आशीर्वाद

## साढ़े चार करोड़ से अधिक जाप के संकल्प के साथ मुनि प्रणीत सागर जी का चातुर्मास कलश स्थापित

### पुरातत्व और आध्यात्मिकता अपनाकर करें धर्म की रक्षा

### विजेन्द्र जैन परिवार को मिला प्रथम कलश का सौभाग्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





गणाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज और पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि 108 श्री प्रणीत सागर जी महाराज व क्षुल्लक श्री विधेयसागर जी महाराज के चातुर्मास मंगल कलश की स्थापना रविवार को देवास रोड स्थित शर्मा परिसर में संपन्न हुई। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर लक्ष्मी नगर-सेठी नगर के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य समारोह में साढ़े चार करोड़ से अधिक जाप की बोली के माध्यम से चातुर्मास संपन्न होने का संकल्प लिया गया।

समारोह से पूर्व जैन धर्म की ध्वजा लहराते हुए समाजजन मुनि श्री के साथ कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। यहां उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी और मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन ने मुनि श्री को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री प्रणीत सागर जी महाराज ने कहा कि उज्जैन के लोग सौभाग्यशाली हैं जिन्हें हर वर्ष किसी न किसी साधु का सान्निध्य और चातुर्मास प्राप्त होता है। यह चातुर्मास अनूठा होगा, जो जाप मंत्रों के माध्यम से संपन्न किया जाएगा। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि पुरातत्व, धार्मिकता, प्राचीनता और आध्यात्मिकता को अपने जीवन में अपनाएं और धर्म की रक्षा करें।

समाज के सचिव सचिन कासलीवाल एवं ट्रस्ट सचिव सुशील लुहाड़िया ने बताया कि समारोह में प्रथम कलश प्राप्त करने का सौभाग्य विजेन्द्र जैन सुपारी वाला परिवार को मिला। द्वितीय कलश आजाद जैन, तृतीय अशोक चेतन राणा, चतुर्थ देवेन्द्र सिंघई और पांचवां कलश सुनील जैन ट्रांसपोर्ट परिवार ने प्राप्त किया। वहीं, ध्वजारोहण विजया, मनीष और राहुल जैन ने किया। मुनि श्री के पाद प्रक्षालन का लाभ अशोक जैन चाय वाला परिवार तथा आरती का सौभाग्य दिनेश जैन सुपर फार्मा परिवार को मिला।

कार्यक्रम में सभी मंदिरों के ट्रस्टीगण, युवा मंडल और महिला मंडल द्वारा अष्ट द्रव्य से विशेष पूजा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के पश्चात महेंद्र गंगवाल की ओर से वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चातुर्मास समिति के संयोजक मनोज जैन वकील, सहसंयोजक अशोक जैन, लोकेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष धवल जैन डोसी सहित पीसी जैन, सुनील जैन ट्रांसपोर्ट, अनिल बुखारिया, सुभाष जैन, देवेंद्र सिंघई, प्रदीप पांडिया समेत जैन सोशल ग्रुप, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

उज्जैन
सोमवार
10
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

धनमग्निर्धनं वायुर्धनं सूर्यो धनं वसुः।
धनमिन्द्रो बृहस्पतिर्वरुणो धनमश्विना ॥

**अर्थः** अग्नि, वायु, सूर्य, वसुगण, इन्द्र, बृहस्पति, वरुण तथा अश्विनी कुमार ये सब वैभवस्वरुप हैं।

## खबर एक नजर...

### इंदौर क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में दो स्क्रैप व्यापारी, चोरी की गाड़ियां खरीदकर उनके पार्ट्स और इंजन बेच रहे थे

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने चोरी की गाड़ियां खरीदकर उनके पार्ट्स व इंजन अवैध रूप से बेचने वाले कबाड़ कारोबारी दो आरोपियों पर केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की गाड़ियों के 12 इंजन और अन्य पार्ट्स मिले है। जिन्हें टीम ने जब्त किया है। शनिवार को ही टीम ने यहां पर दबिश दी थी, जिसके बाद पूरे मामले की जांच की जा रही थी। क्राइम ब्रांच के मुताबिक आरोपियों के नाम अल्ताफ अंसारी और अरशद अंसारी को पकड़ा है। उनकी दौलतगंज रानीपुरा में कबाड़ की दुकान के संचालक हैं। चोरी के दो पहिया गाड़ियों के कलपुर्जे और 12 इंजन (जिसमें से 3 इंजन के नंबर मिटाने के लिए घिसे हुए) थे। इनकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपए है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जिसके बाद टीम ने स्क्रैप दुकान पर दबिश देकर यहां पर गाड़ियों की जांच की थी। जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और सामान जब्त किया।

### इंदौर में कॉल सेंटर के कर्मचारी ने किया सुसाइड

**इंदौर।** इंदौर के कनाड़िया इलाके में रविवार सुबह एक युवक का शव उसके कमरे में मिला। मृतक की पहचान हर्ष रामपाल (निवासी नीर कॉलोनी) के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर जांच शुरू की। रिश्तेदारों के मुताबिक, हर्ष काफी समय से मानसिक तनाव में था। शनिवार रात उसकी प्रेमिका से कहासुनी होने की बात भी सामने आई है। हर्ष की बहन अमेरिका में रहती है और वह भी उसके पास जाना चाहता था। इसके लिए वह अपना मकान बेचने की तैयारी में था, लेकिन मकान बेचने के लिए बहन की एनओसी की जरूरत थी। रिश्तेदारों के अनुसार, बहन के इंदौर नहीं आ पाने के कारण यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही थी। हर्ष के पिता की 2018 में मौत हो चुकी थी। कोविड के दौरान उसकी मां की भी मौत हो गई थी। इसके बाद वह इंदौर में अकेला रह रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कर्ज के चलते ड्राइवर ने जान दी

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के विदुर नगर में कर्ज से परेशान एक युवक ने जान दे दी। मृतक की पहचान राज चंदेल (30) के रूप में हुई है। वह पेशे से ड्राइवर था। पुलिस के मुताबिक, राज ने शनिवार रात अपने घर में फांसी लगा ली। परिजनों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, राज को शराब पीने की आदत थी और घटना वाली रात भी उसके शराब पीने की बात सामने आई है। प्रारंभिक जांच में उसके कर्ज में होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, आत्महत्या के वास्तविक कारणों की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में जांच शुरू कर दी है।

### बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

**इंदौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में दवाई बाजार के पास शनिवार रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, बाइक सवार डिवाइडर से जा टकराया। मृतक की पहचान अंकुर जिंदल निवासी पटेल नगर के रूप में हुई है। हादसा रात करीब 2 बजे हुआ। पुलिसकर्मी अंकुर को मृत अवस्था में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक, अंकुर की शादी हो चुकी थी। परिवार में उसके माता-पिता सहित अन्य सदस्य हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जांच की जा रही है।

### इंदौर में विदेश से गिफ्ट भेजने के नाम पर ठगी

**इंदौर।** इंदौर की हीरानगर पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर अज्ञात आरोपी और अकाउंट होल्डर के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया है। आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए युवती से पहचान बढ़ाई और यूरोप में गाड़ियों का शोरूम होने की बात कही। इसके बाद उसे बहन बनाकर गिफ्ट भेजने का झांसा दिया और अलग-अलग चार्ज के नाम पर 1 लाख 47 हजार रुपए जमा करवा लिए।

---

543 करोड़ के खर्च पर 5 साल से ना-नुकूर, जाम से जूझ रही जनता

# इंदौर में बायपास पर 4 लेन सर्विस रोड प्रोजेक्ट उलझा

## बजट न मिलने के कारण यह फाइल ठंडे बस्ते में पड़ी

### फोर-लेन सर्विस रोड बनने से इंदौर को होंगे बड़े फायदे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



शहर की आबादी को भारी वाहनों की रफ्तार और हादसों से बचाने के लिए बना बायपास अब सघन रिहायशी इलाके का हिस्सा बन चुका है। दोनों ओर तेजी से बढ़ते कमर्शियल व आवासीय निर्माण के कारण बायपास पर हर दिन जाम की स्थिति बन रही है।

इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम और प्रशासन ने 2021-22 में बायपास के दोनों ओर 32-32 किलोमीटर लंबे 4-लेन सर्विस रोड के निर्माण की योजना बनाई थी।

मई 2025 में राज्य सरकार ने बायपास के दोनों ओर 45-45 मीटर कंट्रोल एरिया को डिनोटिफाइ कर 22.5 मीटर जमीन पर मिश्रित भूमि उपयोग (मिक्स्ड लैंड यूज) की मंजूरी भी दे दी। ह्यमेहता एसोसिएट्सह्व द्वारा दिसंबर 2024 में तैयार कराई गई 543 करोड़ रुपए की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी पूरी तरह तैयार है, लेकिन बजट न मिलने के कारण यह फाइल ठंडे बस्ते में पड़ी है। निगम ने 543 करोड़ के लिए एनएचएआई को प्रस्ताव भेजा था। हालांकि, अधिकारियों ने यह कहकर इनकार कर दिया कि वे पहले ही 2-लेन सर्विस रोड का निर्माण करवा चुके हैं। अब चूंकि यह क्षेत्र नगरीय सीमा में आता है, इसलिए चौड़ीकरण का वित्तीय भार नगर निगम को ही उठाना होगा। एनएचएआई के इस रुख के बाद प्रोजेक्ट की प्रगति थम गई। हाल ही में निगम ने अर्बन चैलेंज फंड से सहायता राशि के लिए नया प्रस्ताव तैयार किया है। सर्विस रोड बनने से बायपास पर रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से स्थायी मुक्ति मिलेगी। मुख्य कैरिज-वे केवल सीधे गुजरने वाले भारी वाहनों के लिए रहेगा। ट्रांसिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) के तहत शहर को एक नया व्यावसायिक कॉरिडोर मिलेगा।

### 70% लागत खुद निकाल सकता है निगम

जमीन मालिकों द्वारा निर्माण व ले-आउट पास कराते समय मिलने वाला रूपांतरण शुल्क। 2. अतिरिक्त एफएआर शुल्कः मिक्स्ड लैंड यूज के तहत मिलने वाले अतिरिक्त फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) की अनुमति से प्राप्त राजस्व। 3. प्रॉपर्टी टैक्स में वृद्धि : सर्विस रोड बनने और कमर्शियल गतिविधियां बढ़ने से प्रॉपर्टी टैक्स स्लैब में होने वाली दीर्घकालिक बढ़ोतरी। विशेषज्ञों के अनुसार, केंद्र के अर्बन चैलेंज फंड या गति शक्ति योजना से सहायता मिले और राज्य सरकार 20 प्रतिशत का योगदान दे, तो नगर निगम स्वयं इस प्रोजेक्ट को पूरा कर सकता है।

### युवती का भाभी पर हत्या की साजिश का आरोप

इंदौर के तिलक नगर थाने में 25 वर्षीय युवती की शिकायत पर उसकी रिश्ते में लगने वाली भाभी और उसके साथियों के खिलाफ रविवार को ऋक्कक दर्ज की गई है। युवती ने आरोप लगाया है कि उसके खिलाफ मारपीट, बदनाम करने, झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की साजिश रची जा रही थी। पुलिस ने मामले में भाभी श्रद्धा को आरोपी बनाया है, जबकि अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। युवती मूल रूप से इंदौर से बाहर की रहने वाली है और पिछले कई सालों से यहां रहकर पढ़ाई कर रही है।

---

जानकारी निकाली क्राइम ब्रांच ने , फरार बेटे की भी तलाश

# 1 करोड़ की धोखाधड़ी में होगी बैंक खातों की जांच, ठगी के पैसों को कहां खर्चा किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर




डीलर/डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने के नाम पर 1 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को तो क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अब क्राइम ब्रांच की जांच आरोपी के बैंक खातों तक पहुंच गई हैं। टीम बैंक खातों की डिटेल निकाल रही है, ताकि पता चल सके की आखिर इतने पैसों का कहां इस्तेमाल किया। साथ ही आरोपी के बेटे की भी तलाश की जा रही है।

धोखाधड़ी करने वाले आरोपी 74 साल मनोहर लाल पिता स्व.उमाशंकर गुप्ता, जानकी नगर एनएक्स, भंवरकुआं इंदौर को शनिवार को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया। मगर टीम की जांच जारी है। गुजरात क्षेत्र की डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने का झांसा देकर 1 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच इंदौर ने 74 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनोहरलाल गुप्ता पिता स्व. उमाशंकर गुप्ता, निवासी जानकी नगर एक्सटेंशन, भंवरकुआं, इंदौर के रूप में हुई थी। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, आरोपी इंदौर स्थित आई.एच.एल. मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड और इन्फुटेक हेल्थकेयर लिमिटेड में डायरेक्टर/मुख्य संचालक के रूप में काम करता है।

डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, गुजरात के झालोद, जिला दाहोद निवासी कमलेश अग्रवाल ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि आरोपियों ने गुजरात क्षेत्र की डीलर/डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने का प्रलोभन देकर 50-50 लाख रुपए, यानी कुल 1 करोड़ रुपए जमा करवाए।

शिकायतकर्ता के मुताबिक शुरूआत में जुलाई 2022 तक डिस्ट्रीब्यूटर मार्जिन मनी के रूप में करीब 28.50 लाख रुपए दिए गए। इसके बाद आरोपियों ने न तो मार्जिन मनी का भुगतान किया, न व्यापार के लिए माल उपलब्ध कराया और न ही मूल राशि वापस की।

शिकायतकर्ता ने क्राइम ब्रांच को बताया कि जब उसने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों की ओर से कथित तौर पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। मामले की जांच के दौरान क्राइम ब्रांच ने बैंक स्टेटमेंट, लेजर, पत्राचार और अन्य दस्तावेजों की जांच की।

### बैंक खातों की जांच करेगी क्राइम ब्रांच

डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस धोखाधड़ी के मामले में क्राइम ब्रांच आरोपियों के खातों की जांच करेगी। बैंक खातों में जो धोखाधड़ी कर पैसा लिया गया था। उन रुपयों का क्या इस्तेमाल किया गया है, इसकी भी जानकारी क्राइम ब्रांच निकालेगी। साथ ही कोशिश की जाएगी कि फरियादी का पूरा पैसा रीकवर कर वापस लौटाया जा सके। इधर, मामले में आरोपी के फरार बेटे की भी तलाश की जा रही है। इसके लिए टीमें लगी हुई है। जिला अभियोजन कार्यालय से कानूनी राय लेने के बाद पुलिस ने प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला पाया। जिसके बाद मामला दर्ज किया गया था।

---

## विश्व आदिवासी दिवस...:इंदौर में आदिवासी समाज ने दिखाई एकजुटता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

विश्व आदिवासी दिवस पर रविवार को जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के नेतृत्व में आदिवासी समाज ने इंदौर में एकजुटता और शक्ति का प्रदर्शन किया। सुबह 8 बजे लालबाग से निकली रैली रीजनल पार्क पहुंची। यहां मैदान में हजारों समाजजनों ने पारंपरिक वेशभूषा में विशाल सामूहिक नृत्य किया। इस दौरान आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिली।

जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने कहा कि जयस आने वाले पंचायत और विधानसभा चुनाव में अपने मजबूत प्रतिनिधि भेजेगा। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि युवाओं को नौकरियों में अधिक अवसर दिए जाएं और आदिवासियों को उनकी जमीन से बेदखल न किया जाए। ऐसा नहीं होने पर आदिवासी समाज सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा।

### शत-प्रतिशत बजट आदिवासी समुदाय पर खर्च करें

अजाक्स के प्रांतीय महासचिव करण भगत ने मांग की कि ट्राइबल सब-प्लान का शत-प्रतिशत बजट केवल आदिवासी समुदाय के विकास पर खर्च किया जाए। जयस के प्रदेश अध्यक्ष पवन डावर ने कहा कि जब-जब आदिवासियों पर अत्याचार होगा, जयस उनके हकों की लड़ाई लड़ेगा।

---

## सिरप पिलाते ही मासूम की 10 मिनट बाद मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

धार में 14 महीने की बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि सरकारी अस्पताल की डॉक्टर ने जो सिरप लिखी, उसे पिलाने के कुछ देर बाद बच्ची ने दम तोड़ दिया। मामला निसरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ा है। परिजन के हंगामे के बाद पुलिस ने ऋक्कक दर्ज कर ली है। पुलिस ने सिरप की बोतल और डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन जब्त कर लिया है। शव का कुक्षी सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराने के बाद बिसरा जांच के लिए भेजा गया है। हेलादड गांव के रहने वाले अविनाश देवके की बेटी विधि बीती 7 अगस्त को उल्टियां कर रही थी। वे उसे लेकर सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अस्पताल में चेकअप के बाद डॉ. प्रिया गहलोत ने बच्ची को उल्टी रोकने की सिरप- डोम्पेरिडोन सस्पेंशन आईपी दी थी।

अस्पताल से घर लौटने के बाद परिजन ने विधि को सिरप पिलाई। इसके बाद वह सो गई। 10 मिनट बाद उठी और रोने लगी। इसके कुछ देर बाद उसकी सांसें थम गईं।

परिजन उसे वापस अस्पताल लाए। यहां उसकी मौत की पुष्टि के बाद हंगामा कर दिया। डॉक्टर पर इलाज के दौरान लापरवाही के आरोप लगाए। सिरप की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करते हुए जांच की मांग की। अविनाश देवके ने कहा- कुक्षी सिविल अस्पताल ले जाते वक्त बच्ची के शव पर काले धब्बे हो गए थे। जीभ भी काली पड़ गई थी।

## नायता मुंडला तालाब करता था क्षेत्र को रिचार्ज, चैनल पर कब्जे; तालाब में बारिश की 1 बूंद तक नहीं पहुंच रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

कैचमेंट पर निर्माण और प्राकृतिक चैनल बंद होने से हमारे तालाब लगातार खत्म हो रहे हैं। पूर्वी क्षेत्र के नायता मुंडला तालाब की हालत अब ये है कि उसमें बारिश का एक बूंद पानी नहीं पहुंचता। कभी यह तालाब पलासिया तक के भूजल को रिचार्ज करता था।

आरटीओ के पास स्थित छोटा तालाब कभी इंदौर के प्राकृतिक जल संरक्षण तंत्र का अहम हिस्सा था। अब आरटीओ, बस स्टैंड, सड़क व भवनों के निर्माण से कैचमेंट और प्राकृतिक जलमार्ग खत्म हो गए हैं।

इधर जिला प्रशासन व नगर निगम गंगाजल संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण पर काम करने का दावा कर रहे हैं। तालाबों का गहरीकरण, कुओं-बावड़ियों का पुनर्जीवन व रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी योजनाएं बनाई जा रही हैं। ऐसे में सवाल है कि जब बारिश का पानी तालाब तक पहुंच ही नहीं रहा तो गहरीकरण किस काम का?

सिर्फ यशवंत सागर में आया पानी इंदौर में 15 इंच बारिश के बाद भी यशवंत सागर (12.3 फीट) को छोड़कर लगभग किसी भी तालाब में पानी नहीं बढ़ रहा है। बिलावली, लिंबोदी, पीपल्यापाला तो सूखे ही हैं। सिरपुर में भी इस बार कम पानी आया है। अधिकांश तालाबों की चैनल और कैचमेंट पर अंधाधुंध निर्माण हो चुके हैं। पहले जहां खेत हुआ करते थे, वहां भी अब बिल्डिंगें खड़ी दिखाई दे रही हैं।

2 हेक्टेयर का रिचार्ज जोनः वाटर कंसल्टेंट सुरेश एमजी कहते हैं कि नायता मुंडला की तलाई आसपास के इलाकों के लिए रिचार्ज जोन मानी जाती है। पांच साल पहले तक यहां पानी ठहरता था। बिलावली-लिम्बोदी में चैनल ही खत्मः बिलावली और लिम्बोदी तालाब भी प्राकृतिक जलमार्ग बंद होने का खामियाजा भुगत रहे हैं।

---

इंदौर में न्याय व्यवस्था को संवेदनशील बनाने पर जोर

# न्याय की नई परिभाषा- फैसला ही नहीं, संरक्षण और पुनर्वास भी हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर





न्याय की असली परीक्षा कोर्ट में फैसला सुनाने के बाद शुरू होती है। क्या उस फैसले की जानकारी उस व्यक्ति तक पहुंची, जिसे कानून की भाषा ही नहीं समझ आती? क्या आदिवासी अपने जमीन और वन अधिकारों के लिए आसानी से कानूनी मदद ले सकता है?

क्या पॉक्सो पीड़ित बच्चे को न्याय की प्रक्रिया में दोबारा मानसिक आघात से बचाया जा सकता है? और क्या जेल से बाहर आने वाला व्यक्ति परिवार, रोजगार और समाज में सम्मान के साथ दोबारा जगह बना सकता है? इंदौर में दो दिन चली वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस में इन्हीं सवालों को केंद्र में रखकर न्याय व्यवस्था को ज्यादा सुलभ, संवेदनशील और जन-केंद्रित बनाने पर मंथन हुआ।

रविवार को दूसरे और आखिरी दिन भी दिनभर न्यायविदों ने अपने अपने अलग-अलग सेशन्स में इस पर जोर दिया। रविवार को कॉन्फ्रेंस को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सतीशचंद्र शर्मा, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ, सुप्रीम कोर्ट जस्टिस संजीव सचदेवा, चीफ जस्टिस हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ रमेश सिन्हा, चीफ जस्टिस मप्र विवेक अग्रवाल, प्रो. विजय राघवन (मुंबई) सहित अन्य ने अलग-अलग सेशन में संबोधित किया।

### न्याय का मतलब सिर्फ फैसला नहीं


न्याय तक पहुंच को सुदृढ़ करना विषय पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में एक बात साफ तौर पर उभरकर सामने आई कि न्याय का मतलब सिर्फ कोर्ट में मुकदमे का फैसला नहीं है। न्याय तब सार्थक होगा, जब कानूनी जानकारी व्यक्ति की भाषा में मिले, जरूरतमंद को समय पर मदद मिले और कमजोर व्यक्ति को न्याय की प्रक्रिया में अकेला न छोड़ दिया जाए।

स्वदेशी जागरण मंच    स्वावलंबी भारत अभियान

MySBA

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबेल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, फ्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉडर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅंगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थम्सअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्तिभोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंग्लैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिंगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |


घर में जहरीले जीवों को
दूर भगाने वाले पौधे
तुलसी
मच्छर / कीडे
सर्पगंधा
सांप
मेंदा
सांप / कीडे
लैवेंडर
मच्छर / पतंगे
पुदीना
चुहा / चीटिया
dakshnursery
लेमन ग्रास
मच्छर
रोजमेरी
मच्छर / मक्खी
नीम
कीडे / मच्छर
लहसुन
सांप / कीडे
अजवायन
चीटियां / कीडे


1st RERA APPROVED
RESORT TOWNSHIP
Experience Luxury Living
at the 1st RERA Approved Resort Township
Bail Parao, Nainital, Uttarakhand
अगर आप Nature के बीच Luxury Second Home +
Rental Income चाहते हैं, तो Corbett County
आपके लिए एक Perfect Investment है।
Plots starting at just ₹36 Lakhs
Luxury Villas starting at ₹1.40 Crore
BANK
Easy Bank Loan Available
Limited Inventory
Book Now!
CORBETT COUNTY
BAIL PARAO, NAINITAL UTTARAKHAND
LUXURY VILLAS STARTING AT
₹1.40 CRORE*
EASY BANK LOAN AVAILABLE
Gated Township
Nature Surroundings
Premium Amenities
High Rental Potential
Future Ready Investment

■ वर्ष-12 अंक-278 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

न क्रोधो न च मात्सर्यं न लोभो नाशुभा मतिः।
भवन्ति कृतपुण्यानां भक्त्या श्रीसूक्तजापिनाम्॥

**भावार्थ** : भक्तिपूर्वक श्री सूक्त का जप करनेवाले, पुण्यशाली लोगों को न क्रोध होता है, न ईर्ष्या होती है, न लोभ ग्रसित कर सकता है और न उनकी बुद्धि दूषित ही होती है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवारः 10 अगस्त, 2026

वैनतेय सोमं पिब सोमं पिबतु वृत्रहा।
सोमं धनस्य सोमिनो मह्यं ददातु सोमिनः॥

**भावार्थ** : हे गरुड़! आप सोमपान करें। वृत्रासुर के विनाशक इन्द्र सोमपान करें। वे गरुड तथा इन्द्र धनवान सोमपान करने की इच्छा वाले के सोम को मुझ सोमपान की अभिलाषा वाले को प्रदान करें।

## 'कन्या लघुवस्त्रं धारयति' इति कथनस्य विवादः

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ हिसार नगर

बालिका स्ववस्त्रं धारयति, पितुः पृष्ठतः द्विचक्रिकायां उपविशति, तस्याः उपरि लम्बमानौ पादौ । पिता वक्तुं असमर्थः अस्ति यत पुत्री, कथं त्वं एवं उपविशसि? अस्माकं डीजे न वादयिष्यति, न च वयं बालिकायाः कृते दूरभाषं प्राप्नुमः।

उद्धरणप्रतिबिम्ब एतैः वक्तव्यैः सामाजिकमाध्यमेषु विवादः उत्पन्नः अस्ति । पंचायतेन निर्णयः कृतः यत यदि एकस्यैव ग्रामस्य युवकयोः प्रेम्णः विवाहः भवति तर्हि तेषां ग्रामप्रवेशः प्रतिबन्धितः भविष्यति। सामाजिकमाध्यमेषु जनाः बालिकानां विषये एतां मानसिकतां प्रश्नं कुर्वन्ति।

## सम्पादकीयम्

### एयर टैक्सी प्रति

भारतीय-आकाशे विद्युत-वायु-टैक्सी-यानानां स्वप्नः साकारीकरणस्य समीपं गच्छति । केन्द्रीयनागरिकविमाननमन्त्री राममोहननायडुः विश्वासं प्रकटितवान यत भारते २०२८ तमवर्षपर्यन्तं विद्युत्वायुटैक्सीः कार्यरताः भविष्यन्ति। अस्याः उदयमानप्रौद्योगिक्याः भूपरीक्षणं आगामिवर्षे त्वरितं भविष्यति। बेङ्गलूरुनगरे अत्याधुनिकस्य उद्यमस्य सरला एविएशनस्य नूतनमुख्यालयस्य उद्घाटने नायडु-नगरेण उत्साहेन घोषितं यत एतानि वायु-टैक्सी-वाहनानि विद्युत-ऊर्ध्वाधर-उड्डयन-अवरोहण--वाहनानि भविष्यन्ति इति भारतस्य जनसङ्ख्यायुक्तेषु महानगरेषु, यत्र यातायातस्य जामः सामान्यः अस्ति, तत्र एतादृशाः विमानाः, अथवा एयरटैक्सी-यानानि अधिकं उपयुक्तानि भविष्यन्ति । यदा त्वरितम अस्ति तदा एयरटैक्सी उपयोगी स्यात। कबड्डीक्रीडकस्य अन्तरिक्षे एषा टैक्सी प्रत्यक्षतया आकाशात अवतरितुं शक्नोति स्म ततः उड्डीय गन्तव्यस्थानं प्रति सीधा उड्डीय गन्तुं शक्नोति स्म । उल्लेखनीयं यत सरला एविएशन इत्यनेन एयर टैक्सी इत्यस्य आदर्शरूपाः विकसिताः, आगामिवर्षे अपि कम्पनी परीक्षणं आरभेत । टैक्सीयानानां विकासस्य परीक्षणस्य च निकटतया निरीक्षणं कुर्वन अस्ति सर्वकारः। नागरिकविमाननमन्त्रालयः तथा विमाननियामकः नागरिकविमाननमहानिदेशालयः।

### राहुलस्य 'छात्रप्रतिध्वनिः' (छत्रोन की गूञ्ज) इति कार्यक्रमे टिप्पणीं कुर्वन थरूर

# वेणुगोपालः अवदत यत काङ्ग्रेससदस्या, भाजपायाः प्रीतिकरं वक्तव्यं न दातव्यम

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ दिल्लीनगर



काङ्ग्रेसस्य महासचिवः केसी वेणुगोपालः रविवासरे दलनेतृभ्यः भाजपायाः प्रसन्नतां जनयति इति वक्तव्यं दातुं परहेजं कर्तुं आह। वेणुगोपालः राहुलगान्धीविषये शशिथरूरस्य वक्तव्यस्य सन्दर्भे एव एतत टिप्पणीं कृतवान ।

मीडिया-सञ्चारमाध्यमानां अनुसारं शुक्रवासरे एकस्मिन कार्यक्रमे थरूरः उक्तवान आसीत यत राहुलगान्धिनः 'छात्रप्रतिध्वनिः' (छत्रों की गूञ्ज) इति कार्यक्रमः जेन-जेड्-इत्यत्र तावत प्रभावं कर्तुं असफलः अभवत यथा 'काकरोच-जनता-पक्षस्य' विरोधैः।

वेणुगोपालः अवदत यत सः केवलं कतिपयेषु मीडियाचैनलेषु थरूरस्य टिप्पणीं पठितवान्, यत उक्तं तत सम्यक न श्रुतवान। सः अपि अवदत यत थरू स्वयमेव टिप्पणीनां विषये पृष्टव्यः।

वेणुगोपालः अवदत यत थरूरः इच्छया एवम् एतादृशं टिप्पणं कृतवान इति तस्य विश्वासः नास्ति। सः अवदत यत, अस्माभिः सर्वैः इच्छया वा अनभिप्रेतरूपेण वा मनःशीलाः भवितुम आवश्यकाः, सार्वजनिकवक्तव्यं दत्त्वा सावधानाः भवितुम आवश्यकाः इति ।

वेणुगोपालः अपि अवदत यत यदि कोऽपि राहुलगान्धी इत्यस्य दोषं पश्यति अथवा तस्य विषये नकारात्मकद्वयं वदति तर्हि भाजपा अतीव प्रसन्ना भविष्यति। तेषां कृते सर्वाधिकं सुखदं वस्तु स्यात। शुक्रवासरे महाराष्ट्रे एकस्मिन कार्यक्रमे थरूरः उक्तवान आसीत यत राहुलगान्धी इत्यस्य छतरां की गूञ्ज कार्यक्रमे काकरोच जनता पार्टी इत्यस्य समानाः विषयाः उत्थापिताः।

यदा पृष्टः यत छत्रावनकी गूञ्ज -सभायाः जन्तर-मन्तर-कार्यक्रमस्य समानः प्रभावः किमर्थं असफलः इति तदा थरूरः अवदत यत, तत सम्यक। अतः अस्माभिः स्वयमेव पृच्छितव्यं यत वयं किं कर्तुं असफलाः अभवम।

सः उक्तवान आसीत या, किं वयं छात्राणां वचनं श्रोतुं असफलाः अस्मः? किं वयं जनानां नाडीयां अङ्गुलीं स्थापयितव्यम इति पुरातनं वचनं न पालितवन्तः? किं जनानां नाडीं दृष्ट्वा नष्टा? अस्माभिः एतत गम्भीरतापूर्वकं विचारणीयम। विवादस्य अनन्तरं थरू शनिवासरे एक्स इत्यत्र लिखितवान यत मीडिया तस्य वचनस्य व्याख्यां स्वस्य दलस्य वा तस्य नेतृत्वस्य वा उपरि आक्रमणम इति करोति।

सः अवदत यत तस्य बलं राजनैतिकदलानां द्वाराणि उद्घाट्य अग्रिमपीढीयाः कृते राजनीतिं स्वरूपयितुं शक्तिं प्राप्तुं मार्गं निमातुं वर्तते। राहुलगान्धी इत्यस्य छतरां की गूंज इति काङ्ग्रेसपक्षस्य छात्र-युवा-प्रसार-अभियानम अस्ति । अस्य प्रक्षेपणं २०२६ तमस्य वर्षस्य जूनमासस्य १७ दिनाङ्के राजस्थानस्य कोटातः अभवत । कागजस्य लीक, भर्तीविलम्बः, परीक्षाव्यवस्थायां दोषाः, बेरोजगारी, शिक्षा च इत्यादिषु विषयेषु छात्राणां स्वरं उत्थापयितुं अयं अभियानः केन्द्रितः अस्ति। काङ्ग्रेसेन एतत अभियानं ४० दिवसीयं राष्ट्रव्यापी अभियानरूपेण आरब्धम ।

अस्य भागरूपेण राहुलगान्धी कोटा-देहरादून-नगरयोः प्रमुखेषु छात्र-कार्यक्रमेषु भागं गृहीतवान । डेहरादूननगरे जुलै-मासस्य १७ दिनाङ्के एतत आयोजनम अभवत । तदनन्तरं ८ अगस्तदिनाङ्के प्रयागराजनगरे अग्रिमः प्रमुखः अभियानकार्यक्रमः अभवत, यत्र राहुलगान्धिः छात्रैः युवाभिः च सह संवादं कृतवान ।

### चत्वारि विधेयकानि प्रस्तावितानि सन्ति

## शाहः केरलस्य नामान्तरणस्य विधेयकं प्रस्तुतं करिष्यति

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ दिल्लीनगर

संसदस्य मानसूनसत्रे सोमवासरे लोकसभायां चत्वारि विधेयकानि प्रस्तावितानि सन्ति। गृहमन्त्री अमितशाहः केरल (नाम परिवर्तनम) विधेयकं २०२६, राष्ट्रियसहकारविकासनिगमकानून १९६२ संशोधनार्थं विधेयकद्वयं च प्रस्तावयिष्यति

कानूनमन्त्री अर्जुनराममेघवालः न्यायाधिकरणसुधारविधेयकं २०२६ प्रस्तावयिष्यति। एतस्मिन समये केन्द्रीयमन्त्री जीकिशनरेड्डी खानखनिज (विकासविनियमन)कानून, १९५७ संशोधनार्थं विधेयकं सदनस्य समक्षं प्रस्तुतं करिष्यति। तदतिरिक्तं बैंकरपुस्तकसाक्ष्यविधेयकस्य २०२६ तमस्य वर्षस्य राज्यसभायां चर्चा भविष्यति। वित्तमन्त्री निर्मला सीतारमणः सदने एतत विधेयकं प्रस्तुतं करिष्यति।

राममन्दिरस्य प्रसादचोरीविषये विपक्षस्य सदस्यैः लोकसभायां हंगामा उत्पन्नः। सर्वोच्चन्यायालयस्य न्यायाधीशानां (सीजेआइ-सहितस्य) संख्यां ३४ तः ३८ यावत विना चर्चां कर्तुं लोकसभा विधेयकं पारितवती। राज्यसभायां विपक्षस्य नेता मल्लिकार्जुनखर्गे इत्यस्य संसदीयकायाणां मन्त्री किरेन रिजिजु इत्यस्य च मध्ये उष्णः आदानप्रदानः अभवत। खर्गे इत्यनेन उक्तं यत रामजन्मभूमितीर्थक्षेत्रन्यासस्य गठनं केन्द्रसर्वकारेण कृतम अस्ति, अर्पणस्य चोरीविषये सर्वकारेण सदने प्रतिक्रिया दातव्या इति। संसदीयकायाणां मन्त्री किरेन रिजिजुः लोकसभायां विपक्षस्य नेता राहुलगान्धी इत्यनेन सह ५० मिनिट् यावत बैठकं कृतवान्। लोकसभासीटानां संख्यां ८१६ यावत वर्धयितुं महिलानां कृते ३३% आरक्षणं च कार्यान्वितुं प्रयतमानं संविधानं (१३१तमं संशोधनं) विधेयकं पारयितुं सर्वकारस्य अभिप्रायः अस्ति। दिल्लीनगरे छात्राणां उपरि लाठीचार्जस्य विषये अमितशाहस्य वक्तव्यस्य आग्रहेण खर्गे-रिजिजुयोः मध्ये राज्यसभायां उष्णः विवादः अभवत खर्गे अध्यक्षं गृहमन्त्रीं सदनस्य उपस्थितेः।

## राशिफल

**मेष** : आज डेडलाइन के भीतर टास्क कंप्लीट कर लेने की सलाह दी जाती है। किसी भी बहस में पड़ने से बचें।

**वृषभ** : दिन थोड़ा बिजी-बिजी रहने वाला है। कामकाज के चक्कर में अपनी पर्सनल लाइफ से समझौता करना ठीक नहीं है।

**मिथुन** : आज ऑफिस की पॉलिटिक्स आपके लिए नेगेटिव साबित हो सकती है। पॉजिटिव सोच बनाकर रखें।

**कर्क** : आज कार्यालय में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। वर्क लाइफ बैलेंस मेंटेन करके आगे बढ़ें।

**सिंह** : आज के दिन व्यापार, सेहत, पैसों का मामला या हो लव लाइफ बड़े चेंज के लिए तैयार हो जाएं।

**कन्या** : आज इन्वेस्टमेंट को लेकर स्ट्रेटजी बनाने पर ध्यान दें। फिट रहने पर फोकस रखें।

**तुला** : आपका दिन थोड़ा सा स्ट्रेस भरा साबित हो सकता है। धन का आगमन होगा लेकिन खर्च बढ़ने की संभावना भी ज्यादा है।

**वृश्चिक** : आज के दिन दिन रोमांटिक रहेगा। आज का आपका दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहने वाला है।

**धनु** : एक शानदार दिन के लिए तैयार हो जाएं। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** : आज किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से मनचाहा रिटर्न नहीं मिलेगा। अपनी बॉडी को फिट रखने के लिए योग ट्राई करें।

**कुंभ** : आज अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक डेट प्लान करें। खर्च को इस वक्त कंट्रोल करने की जरूरत है।

**मीन** : दिन काफी बेहतरीन साबित हो सकता है। करियर के मामले में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी आपको दी जा सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य-केतु की युति से इन राशि वालों की बढ़ेंगी परेशानियां, कारोबार में बरतें सावधानी

17 अगस्त 2026 को सूर्य अपनी स्वराशि सिंह में प्रवेश करेंगे। इस राशि में पहले ही छाया ग्रह केतु मौजूद है, जो अपने अशुभ प्रभावों के लिए भी जाने जाते हैं। केतु आध्यात्मिक उन्नति और परोपकार के कारक ग्रह हैं, जबकि सूर्य आत्मा, मान-सम्मान और आत्मविश्वास के कारक माने जाते हैं। सिंह राशि में इन दोनों ग्रहों की युति कुछ राशियों के लिए लाभकारी साबित हो सकती हैं, तो कुछ राशियों की परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। दोनों ग्रहों का यह संयोग जातकों के आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकता है। इसके अलावा करियर-कारोबार में भी चुनौतियां सामने आने की संभावना है। आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए यह समय मुश्किलों भरा हो सकता है। जातकों को करियर और कारोबार के मामले में सावधानी रखनी होगी। अगर कोई वस्तु खरीने की प्लान बना रहे थे, तो कुछ बाधाएं आपको झेलनी पड़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में किसी भी तरह का बड़ा फैसला जल्दबाजी में लेने से बचें। छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद करने से बचना आपके लिए बेहतर



रहेगा। आत्मविश्वास में कमी इस समय आप महसूस करेंगे।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के जातकों को लाभ के साथ-साथ कुछ परेशानियां भी झेलनी पड़ सकती हैं। इस दौरान धन से जुड़े मामलों में सावधानी बरतना जरूरी होगा। अनावश्यक खर्च आपकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर सकते हैं। किसी भी तरह के विवाद से बचने की आवश्यकता रहेगी। कोई बड़ा काम बनते-बनते अटक सकता है, जिससे तनाव होगा। आर्थिक मामलों में भी सोच-समझकर निर्णय लेना आपके लिए अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में अपने काम पर फोकस रखें और दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचें।


**मीन राशि-** मीन राशि वालों को इस दौरान अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना होगा। घर-परिवार के लोगों के साथ बेहतर तालमेल बिठाते हुए कार्य करने होंगे। कारोबार को लेकर लंबी दूरी की यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। यात्रा के दौरान अपने स्वास्थ्य और जरूरी कागजात का ध्यान रखें। लेन-देन से जुड़े मामलों में सतर्क रहने की आवश्यकता होगी। वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाए रखने के लिए जीवनसाथी की भावनाओं की कद्र करें।

**मकर राशि-**मकर राशि के जातकों को इस दौरान हर काम सोच-समझकर करने की सलाह दी जाती है। छोटी-सी लापरवाही भी बड़ा नुकसान करा सकती है। नौकरी में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यवहार संतुलित रखें और किसी भी तरह के विवाद से दूर रहें। परिवार के सदस्यों के साथ तालमेल बनाए रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें। व्यापारियों को किसी नए सौदे या साझेदारी से पहले सभी दस्तावेज अच्छी तरह जांच लेने चाहिए। स्वास्थ्य के मामले में भी लापरवाही न करें और मानसिक तनाव से बचने का प्रयास करें।

### खिलाड़ी मशीन नहीं, फिट होने में समय लगता है- लक्ष्मण

# इंजरी प्लेयर्स का हिस्सा, किसी को दोषी नहीं ठहरा सकते




**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने खिलाड़ियों के धीरे फिट होने में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को दोषी मानने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि क्रिकेटर मशीन नहीं है। ऐसा नहीं है कि हर बार वे जल्दी चोट से उबर जाएंगे।

लक्ष्मण बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख हैं। उन्होंने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सीओई और पुरुष-महिला दोनों टीमों के मैनेजमेंट के बीच शानदार तालमेल है। लक्ष्मण का बयान ऐसे टाइम पर आया है, जब देशभर में खिलाड़ियों के चोटिल होने पर सवाल उठ रहे हैं। लक्ष्मण ने कहा- सीओई सिर्फ रिहैब सेंटर नहीं है। क्रिकेटर्स को बेहतर बनाने में इसकी बड़ी भूमिका है। इसलिए चोट के लिए दोष शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहते, क्योंकि इससे किसी को बलि का बकरा बनाया जाता है।

लक्ष्मण ने कहा कि फिटनेस के नियम कड़े हैं। साथ ही सभी खिलाड़ियों के शरीर का नेचर भी अलग है। इस वजह से कोई खिलाड़ी तय समयसीमा में पूरी तरह फिट नहीं हो पाता। उन्होंने बताया कि चोट का पता होने से लेकर खिलाड़ी के फिट होकर जाने तक उसकी मॉनिटरिंग होती है। इसी के आधार पर उसका वर्कलोड बढ़ाया जाता है। लक्ष्मण ने अपनी बात समझाने के लिए जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि सिलेक्टर्स उङ्कए से खिलाड़ी की फिटनेस की रिपोर्ट मांगता है। उङ्कए यह रिपोर्ट सिलेक्शन कमिटी के प्रेसिडेंट को भेजता है।

### लक्ष्मण बोले- चोट चिंता की वजह नहीं है

लक्ष्मण ने बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने पर कहा- मुझे नहीं लगता कि यह चिंता का कारण है। जब कोई खिलाड़ी हाई लेवल पर खेलता है, तो उससे 100% से ज्यादा देने की उम्मीद होती है। उन्होंने कहा- खिलाड़ियों की चोट को देखने का बाहरी दुनिया का नजरिया बदलना चाहिए। सीओई के फिटनेस स्टाफ एड्रियन, निक और कमलेश काम कर रहे हैं।

### सीरीज से 3-4 हफ्ते पहले सिलेक्शन मीटिंग होती है

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने सीरीज से पहले टीम का सिलेक्शन प्रोसेस समझाया। उन्होंने कहा कि टीम के रवाना होने से कम से कम 3 से 4 हफ्ते पहले मीटिंग होती है। इसलिए उस समय खिलाड़ी की सही स्थिति पता नहीं होती। इसी वजह से उसके नाम के आगे स्टार लगाया जाता है और स्क्वाड में रखा जाता है।

## अश्मिता चालीहा ने कोरिया मास्टर्स जीता

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने रविवार को कोरिया मास्टर्स सुपर 300 महिला सिंगल्स का खिताब जीता। 26 साल की अश्मिता ने 53 मिनट चले फाइनल में चीन की चौथी सीड हान कियान शी को हराया। उन्होंने 14-21, 21-14, 21-14 से जीत दर्ज कर अपना पहला इहऋवर्ल्ड टूर खिताब जीता।

भारत ने लगातार दूसरा इहऋ वर्ल्ड टूर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले तन्वी शर्मा ने 2 अगस्त को ताइपे ओपन जीता था। अश्मिता ने मैच की शुरूआत में 3-0 की बढ़त बनाई। वे शुरूआती दौर में 9-5 से आगे थीं। इसके बाद हान ने वापसी की और दोनों खिलाड़ी 11-11 की बराबरी पर पहुंच गईं। चीनी खिलाड़ी ने लगातार अंक जुटाकर खेल पर कंट्रोल बनाया। हान ने पहला गेम जीतकर बढ़त हासिल की। अश्मिता ने दूसरे गेम में आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने स्मैश से हान पर दबाव बनाया और तेज डिफेंसिव रिटर्न से 6-6 के बाद बढ़त बना ली।

### चोटिल साई सुदर्शन की जगह मौका मिला

## सरफराज खान 2 साल बाद भारतीय टीम में शामिल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

बैटर सरफराज खान को दो साल बाद टीम इंडिया में जगह मिली है। उन्हें श्रीलंका दौर पर चोटिल साई सुदर्शन की जगह शामिल किया गया। बीसीसीआई ने रविवार शाम को इसकी जानकारी दी।

भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ गॉल में 15 अगस्त से पहला टेस्ट खेलेगी। सरफराज ने पिछला टेस्ट 2024 में वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। वे अब तक 6 टेस्ट मैच ही खेल सके हैं। इउउक ने साई सुदर्शन की रिकवरी पर अपडेट भी दिया। साई सुदर्शन बेंगलुरु स्थित इउउक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उडए) में रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं। वे अच्छी तरह ठीक हो रहे हैं। मेडिकल टीम उनकी रिकवरी पर लगातार नजर बनाए हुए है।




साई सुदर्शन को पिछले महीने श्रीलंका-ए के खिलाफ दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट के दौरान पैर के अंगूठे में चोट लगी थी। उन्होंने उसी दौरे पर लगातार दो शतक जड़कर शानदार फॉर्म दिखाई थी।

श्रीलंका दौरे से पहले ही भारतीय टीम कई चोटों से परेशान है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घुटने की चोट के कारण पूरी टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

## खबर एक नजर...

### काल भैरव मंदिर के बाहर विवाद में 3 आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** काल भैरव मंदिर के बाहर 7 अगस्त की शाम पानी की बोतल बेचने पर पैसों की मांग करते हुये ग्राम चक भीतरी के रहने वाले 2 भाईयों लखन पिता चंदरसिंह चावड़ा और जीवन चावड़ा के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। पुलिस ने जीवन चावड़ा की शिकायत पर बंटी पिता रमेश, संदीप पिता गब्बरसिंह और अनिल पिता खेमराज निवासी भैरवगढ़ के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। मामले में दूसरा पक्ष भी भैरवगढ़ थाने पहुंचा था और शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। रविवार को लखन और जीवन के साथ मारपीट करने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार प्रकरण में घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। जिसके आधार पर अन्य साक्ष्य सामने आने पर आगे की विवेचना की जायेगी।

### एपीके फाइल पर क्लिक करते ही हैक हुआ मोबाइल

**उज्जैन।** साइबर फ्रॉड करने वाले हर दिन लोगों को अपना शिकार बना रहे है। लोगों को पता भी नहीं चल रहा है और उनके खातों से हजारों की राशि का ट्रांजेक्शन हो रहा है। नया मामला फ्रीगंज क्षेत्र में टायर की दुकान संचालित करने वाले दुर्गा प्लाजा निवासी राजविंदर पिता हरभजनसिंह अरोरा 54 साल के साथ होना सामने आया। उनके वाट्सएप पर एपीके फाइल भेजी गई। राजविंदर कुछ समझ पाते उन्होने फाइल पर क्लिक किया, उनका मोबाइल हैक हो गया उन्होने मोबाइल को चालू करने का प्रसास किया, कुछ देर बाद मोबाइल चालू हुआ तो खाते से 33 हजार 300 रुपए निकलने का मैसेज प्राप्त हुआ। उन्होने साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। मामला माधवनगर थाना पुलिस के पास पहुंचने पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। मोबाइल हैक होने के मामले पिछले कुछ दिनों से लगातार सामने आ रहे है। जिसके बाद मोबाइल धारको के खातों से राशि का ट्रांजेक्शन होना पाया जा रहा है।

### विवाद होने पर प्रेमी ने प्रेमिका से की मारपीट

**उज्जैन।** नानाखेड़ा क्षेत्र में प्रेमी से मिलने पहुंची प्रेमिका का विवाद हो गया। प्रेमी ने उसके साथ मिलकर मारपीट की, चोंट लगने पर प्रेमिका को चरक अस्पताल में भर्ती किया गया। बताया जा रहा है कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती का तुषार ठाकुर से प्रेम प्रसंग चल रहा है। शनिवार रात वह नानाखेड़ा गई थी, जहां उसकी मुलाकात प्रेमी से हुई। दोनों में बातचीत के दौरान युवती ने शादी करने के लिये कहा, जिस पर तुषार ने कोई रिस्पॉन्स नहीं दिया, युवती बिफर गई और शादी करने की बात पर अड़ गई। तुषार ने उसके साथ मारपीट की। अस्पताल में भर्ती युवती ने बताया कि उसका पहले दुर्घटना में हाथ टूट गया था, जिसमें रॉड लगी है, तुषार ने उसी हाथ पर मारा है।

### कार ने पीछे से आटो को मारी टक्कर, 4 घायल

**उज्जैन।** आगररोड पर गाड़ी अड्डा चौराहा पर रात में आटो को तेजगति से दौड़ती कार ने पीछे से टक्कर मार दी। आटो चालक का संतुलन बिगड़ गया और वह फल-फ्रूट की दुकान में जा घुसा। घटनाक्रम में 4 लोग घायल हो गये। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि आटो से गोविंद सैनी मोहननगर, विजय राठौर गायत्रीनगर, युसुफ पिता कुतुबुद्दीन निवासी केडी गेट और फल की दुकान लगाने वाला इमरान शाह निवासी संजय नगर घायल हुआ है। गोविंद सेनी की शिकायत पर आटो क्रमांक एमपी 13 एके 1256 के चालक पर प्रकरण दर्ज कर आटो को जप्त किया गया है। वहीं आटो चालक यशवंत चावड़ा निवासी महावीरनगर की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटनाक्रम के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था, जिसका नम्बर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ट्रेस किया जा रहा है।

### दशहरा मैदान पर स्वतंत्रता दिवस की रिहर्सल...

**उज्जैन।** आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जायेगा। धार्मिक नगरी में स्वतंत्रता दिवस की परेड को लेकर दशहरा मैदान पर रिहर्सल शुरू हो चुकी है।

1 2 7

## महिला को भेजा गया जेल, अधेड़ से रिमांड पर पूछताछ

# ट्राली बेग में छिपाकर रखा था 33 किलो मादक पदार्थ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों की सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर यात्री प्रतिक्षालय में खड़े महिला-पुरूष के बेगों की तलाशी ली तो उसमें 33 किलो से अधिक मादक पदार्थ डोराचूरा भरा होना पाया। दोनों को रविवार दोपहर कोर्ट में पेश कर महिला को जेल भेजा गया और अधेड़ को पूछताछ के लिये 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया।

घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि शनिवार देर रात एसआई प्रवेश जाटव को सूचना मिली थी कि डग बडौद के रास्ते एक महिला और पुरूष बकानिया फंटा यात्री प्रतिक्षालय तक पहुंचे है। दोनों के पास मादक पदार्थ है, वह किसी को डिलेवरी देने की फिराक में है। तत्काल ही टीम बनाई गई और यात्री प्रतिक्षालय की घेराबंदी कर ट्राली बेग और एक अन्य बेग के साथ खड़े महिला-पुरूष को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उनके नाम मोहम्मद नाजिम पिता कामिल 50 साल निवासी यमुना नगर हरियाणा और ज्योति पति शंकर सिंह 46 साल निवासी भीमनगर भवानी मंडी झालावाड़ (राजस्थान) सामने आये। दोनों आने-जाने के मामले में बरगलाने का प्रयास करने लगे। उनके बेग कस्टडी में लिये गये और खोलकर तलाशी ली गई। उसमें मादक पदार्थ डोराचूरा भरा होना पाया गया। थाना प्रभारी खोवाल के अनुसार टीम में शामिल एसआई प्रवेश जाटव, अलकेश डांगे, आरक्षक दीपक यादव, महिला आरक्षक हेमलता बैरागी, सैनिक जगदीश, मोहनदास बैरागी दोनों को थाने लेकर आये, जहां उनके बेगों से मिला डोडाचूरा 33 किलो 550 ग्राम होना सामने आया। रात में दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 का प्रकरण दर्ज किया। दोनों को रविवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से महिला को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया और मोहम्मद नाजिम को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया। प्रारंभिक जानकारी में मादक पदार्थ डोडाचूरा डग बडौद से बस के माध्यम से बकानिया तक लाना बताया है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि किसे देने आये थे। वहीं दोनों के अपराधिक रिकार्ड का पता भी हरियाणा और राजस्थान पुलिस से लगाया जा रहा है। एसआई प्रवेश जाटव ने बताया कि मादक पदार्थ के साथ हिरासत में आये दोनों से पूछताछ में पता चला कि कुछ समय पहले हरियाणा का मोहम्मद नाजिम झालावाड़ आया था, उसी दौरान उसकी महिला ज्योति से पहचान हुई थी। दोनों अंतर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थ की तस्करी करने लगे। एसआई जाटव के अनुसार इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि पूर्व में कितनी बार मादक पदार्थ लेकर थाना क्षेत्र तक आ चुके है और किसे दिया है। संभावना है कि मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े कुछ नाम सामने आ सकते है।

### पिकअप में मिला था 2 क्विंटल डोडाचूरा

मंगलवार-बुधवार रात नागझिरी थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग अक्षत स्कूल के पास सड़क किनारे नाले में फंसी प्याज से भरी पंजाब पासिंग पिकअप में 2 क्विंटल 34 किलो डोडाचूरा पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पिकअप नम्बर के आधार पर पंजाब से जुड़े कुछ लोगों की जानकारी सामने आई है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। आरोपियों के गिरफ्त में आने पर डोडाचूरा लाने के संबंध में जानकारी मिल पायेगी।



## उज्जैन में लगातार बारिश, सड़कों पर भरा पानी, लोगों की बढ़ी परेशानी



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में सोमवार सुबह से लगातार बारिश का दौर जारी है। सुबह शुरू हुई बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है। लगातार बारिश के चलते शहर का मौसम पूरी तरह बदल गया है और लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली है।

लगातार बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में सड़कों पर पानी जमा होने लगा है। प्रमुख मार्गों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है, वहीं निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनने लगी है। बारिश के चलते जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और बारिश का सिलसिला जारी रहने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो शहर में जलभराव और यातायात की समस्या और बढ़ सकती है।

## बारिश ने बढ़ाई प्रशासन की चुनौती...

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सावन सोमवार और महाकाल सवारी के चलते पहले से ही शहर में भारी भीड़ है। ऐसे में लगातार बारिश से यातायात व्यवस्था, पैदल श्रद्धालुओं की आवाजाही और पार्किंग व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। मध्यप्रदेश के कई जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है।

महाकाल मंदिर क्षेत्र के अलावा रामघाट, हरसिद्धि मंदिर, बड़ा गणेश मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ी हुई है। शहर के बाजारों और प्रमुख मार्गों पर भी सावन सोमवार के कारण विशेष चहल-पहल देखने को मिल रही है।

### 13 घंटे में 84 क्विंटल से अधिक लड्डू प्रसाद की बिक्री

श्रद्धालुओं की भारी संख्या का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सोमवार को महाकाल मंदिर में करीब 13 घंटे में 84 क्विंटल से अधिक लड्डू प्रसाद की बिक्री होने की जानकारी सामने आई है।



बारिश, भीड़ और उमस के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई है। महाकाल की नगरी में हर तरफ 'जय श्री महाकाल' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष गूंज रहे हैं। शाम को बाबा महाकाल की दूसरी सवारी निकलने के साथ ही उज्जैन में आस्था और भक्ति का यह नजारा और भव्य होने की उम्मीद है।

### वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी का निधन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के वरिष्ठ नेता, ऑनलाइन सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक एवं स्वदेश अखबार के जिला संवाददाता शरद जोशी का निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। शरद जोशी पत्रकारिता जगत में अपनी निष्पक्ष और बेबाक लेखनी के लिए पहचान रखते थे। पत्रकारिता के साथ-साथ वे संगठनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय रहे और मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन की खबर मिलते ही पत्रकारिता जगत और पत्रकार संगठनों में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकार साथियों ने शरद जोशी के निधन को पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश लेकर निकला आदिवासी समाज का चल समारोह

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को शहर में मोंगिया आदिवासी समाज द्वारा उत्साह और उमंग के साथ चल समारोह निकाला गया। इस दौरान समाजजनों ने ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्न का संदेश देते हुए लोगों को बेटियों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूक किया।

चल समारोह की विशेषता इसका सामाजिक संदेश रहा। समाजजन पारंपरिक तीर-कमान लेकर और पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। समारोह के दौरान आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की झलक भी देखने को मिली। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी सोलंकी ने बताया कि इस बार चल समारोह की थीम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रखी गई है।

### स्कूटर सवारों के पास मिली हजारों की अवैध शराब

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना पुलिस ने सर्कल भ्रमण के दौरान पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से स्कूटर पर सवार 2 युवकों को रोकने का प्रयास किया। युवकों ने पलटकर भागने की कोशिश की लेकिन दोनों को पकड़ लिया गया। उनके स्कूटर पर रखे 2 झोलों को चैक किया गया, जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे थे। दोनों को थाने लाया गया और आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया।

## महाकाल दर्शन करने आ रहे युवक की दुर्घटना में मौत

### पुलिस को क्षतिग्रस्त बाइक मिली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



इंदौररोड पर शनिवार-रविवार रात दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। दूसरा गंभीर घायल हुआ है। दोनों बाइक से महाकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहे थे।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के इंदौररोड पर रात में हुई दुर्घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। बाइक सवार 2 घायलों को एम्बुलेंस से चरक अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि युवकों की बाइक काफी तेजगति में थी, अनियंत्रित होने पर डिवाइडर से टकराई है। पुलिस को क्षतिग्रस्त बाइक मिली। कुछ देर बाद अस्पताल से नर्सिंग ऑफिसर ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि इंदौररोड पर हुई दुर्घटना में सुनील पिता शोभाराम सिसौदिया 24 साल निवासी डबलई मनावर थाना धरमपुरी धार की मौत हुई है। दूसरा सुनील पिता लक्ष्मण डाबर 21 साल घायल है। नर्सिंग ऑफिसर की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और अस्पताल पहुंची, घायल से पूछताछ में पता चला कि दोनों महाकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहे थे। पीछे उनके तीन साथी थे जो बाद में अस्पताल पहुंचे है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। रविवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि सुनील टाइल्स फैक्ट्री में काम करता था।

### महिदपुर में 4 को बस ने कुचला



शनिवार-रविवार रात महिदपुर के पांच बंगला क्षेत्र में राजपूत गैरेज के पास राजश्री ट्रेवल्स की बस ने ईको कार, बाइक और आटो को टक्कर मार दी। घटनाक्रम में अर्जुन, विकास और गौतम घायल हो गये। जाहिद उर्फ पिल्ला पिता जब्बार खां निवासी दिलदारपुरा की मौत हो गई। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर मर्ग कायम कर रविवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया है।

## यात्री प्रतिक्षालय में फंदे पर लटका मिला युवक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आगररोड पर रविवार रात यात्री प्रतिक्षालय में एक युवक गमछे के फंदे पर लटका मिला। पुलिस के पहुंचते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। विवेचना के बाद शव को फंदे से उतारा गया और चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष लाया गया।

चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश वरकड़े ने बताया कि रात 8.30 बजे के लगभग सूचना मिली थी कि आगररोड आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के पास यात्री प्रतिक्षालय में एक युवक गमछे के फंदे से लटका हुआ है। सूचना पर पुलिस प्रतिक्षालय पहुंची। फंदे पर लटका युवक हुलिये से मजदूर प्रतीत हो रहा था। विवेचना के दौरान जमा हुई भीड़ में उसकी पहचान के प्रयास किये गये, लेकिन किसी ने भी पहचान नहीं की। शव को फंदे से उतारा गया और कपड़ो की तलाशी ली गई, जेब में कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे उसका नाम-पता सामने आ सके। रात में शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष लाया गया, मामले में मर्ग कायम किया गया है। मृतक का फोटो जिले की थाना पुलिस को भेजा गया है और गुमशुदा व्यक्ति के संबंध में जानकारी मांगी गई है। एएसआई वरकड़े के अनुसार सोमवार को उनकी पहचान के प्रयास कर परिजनों की

# महाकाल की दूसरी सवारी से पहले उमड़ा आस्था का सैलाब

आज सवारी में 6 लाख के लगभग श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बाबा महाकाल की दूसरी सवारी आज शाम मंदिर से शाम 4 बजे निकली जायेगी। उससे एक दिन पहले रविवार को धार्मिक नगरी में आस्था का सैलाब दिखाई दिया। रात 10 बजे तक साढ़े 4 लाख के अधिक श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर चुके थे। आज शाम सवारी में 6 लाख के लगभग श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान लगाया गया है।

12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी में सावन माह के दौरान आस्था का सैलाब उमड़ता दिखाई दे रहा है। 3 अगस्त को निकाली गई बाबा महाकाल की पहली सवारी में 7 लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हुये थे। 10 अगस्त (आज) बाबा दूसरी बार भक्तों को दर्शन देने के लिये नगर भ्रमण पर निकलेगें। इससे पहले रविवार को ही शहर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने पहुंच गये थे। तड़के भस्मारती के बाद से मंदिर में दर्शन का सिलसिला जारी था, रात 10 बजे तक 4.82 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर चुके थे। दूसरी सवारी को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था में रविवार से ही पुलिस प्रशासन मुस्तैद हो गया था। मंदिर की ओर जाने वाले मार्गो पर जाम के हालत बने हुये थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि दूसरी सवारी में भी 6 लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हो सकते है।

### होटल-गेस्ट हाऊस में नहीं मिले रूम

देशभर से बाबा महाकाल की दूसरी सवारी में शामिल होने आ रहे श्रद्धालुओं को रविवार शाम के बाद होटल-गेस्ट हाऊस में रूम नहीं मिल पा रहे थे। महाकाल मंदिर के आसपास क्षेत्रों में बनी हजारों होटल भर चुकी थी। मंदिर के आसपास बनी पार्किंग भी फूल हो चुकी थी। धर्मशाला, लॉजों में भी रात को जगह मिल पाना मुश्किल हो रहा था। रेलवे स्टेशन से मंदिर की ओर जाने वाले मार्गो पर पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं का सैलाब दिखाई दे रहा था।

## नागझिरी उद्योगपुरी में हादसा, दमोह के युवक की मौत

### लाइट आने पर चालू हुई मशीन में फंसा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नागझिरी उद्योगपुरी में दाना बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। ग्राइंडर मशीन में फंसे से दमोह के युवक की मौके पर मौत हो गई।

नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि सुबह 11 बजे के लगभग खबर मिली थी कि उद्योगपुरी स्थित विजय लक्ष्मी इंडस्ट्रीज की ग्राइंडर मशीन में एक युवक फंस गया है, पुलिस तत्काल उद्योगपुरी पहुंची। ग्राइंडर मशीन में युवक का सिर और हाथ फंसा था, वह खून से लथपथ हो चुका था, उसे मजूदरों की मदद से बाहर निकाला गया तो मौत होना सामने आया। पूछताछ करने पर मृतक का नाम गिरधारी पिता धरमदास रायकवार 39 साल निवासी लांजी इमलिया चौकी बासा दमोह पता चला। मजदूरों ने बताया कि फैक्ट्री में पत्नी उमा के साथ लम्बे समय से हेल्पर का काम करता था। सुबह ग्राइंडर मशीन चल रही थी तभी लाइट चली गई। गिरधारी आया और सफाई का काम करने लगा, उसी दौरान लाइट आने पर वह ग्राइंडर मशीन की चपेट में आ गया। एएआई अर्जुनसिंह तोमर ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया और शव पत्नी को सौंपा गया। जिसे अंतिम संस्कार के लिये दमोह ले जाया गया है। मामले में जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com